बर्दवान
आसनसोल
दुर्गापुर
रानीगंज

शिल्पांचल
卐 ।। श्री हरिः ।। 卐
# सन्मार्ग
नमोऽस्तु रामाय सलक्ष्मणाय देव्यै च तस्यै जनकात्मजायै नमोऽस्तुरुद्रेन्द्रयमानिलेभ्यो नमोऽस्तुचन्द्रार्कमरुद्गणेभ्यः

बंगाल से प्रकाशित पूर्वी भारत का सर्वाधिक प्रसारित हिन्दी दैनिक
शुक्र वार
23 फरवरी, 2018
www.sanmarg.in



पथ दुर्घटना में वृद्ध की मौत : जामुड़िया थाना अंतर्गत चौरंगा मोड़ के पास एनएच-2 पार करने के दौरान बुधवार को अनिल रविदास (80) की मौत अज्ञात वाहन की चपेट में आने से हो गयी। ... वह घर नहीं लौटा था। स्थानीय लोगों के अनुसार वह मानसिक रोगी था।

## आसनसोल



बच्चों को उपहार : पूर्णदृष्टि ब्रेन एकेडमी के नेत्रहीन बच्चों को होली के पूर्व ... दिया गया। मौके पर ... उपस्थित थे।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल में विज्ञान और कला प्रदर्शनी का आयोजन




प्रदर्शनी में अपने मॉडल की जानकारी देती छात्रा

**आसनसोल :** दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) आसनसोल में विज्ञान तथा कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इस्को इस्पात संयंत्र बर्नपुर के महाप्रबंधक (गुणवत्ता) तमाल कान्ति दास ने फीता काटकर प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया। वहीं मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में छात्रों को विज्ञान के ज्ञान को मानव एवं राष्ट्र के लिये और अधिक उपयोगी बनाने पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने छात्रों को विज्ञान एवं तकनीकी के दुरूपयोग एवं इसके दुष्परिणामों के प्रति आगाह भी किया। विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों द्वारा बनाए गए वर्किंग एवं स्टैटिक मॉडल्स के बारे में अभिभावकों ने विशेष रुचि प्रदर्शित की तथा उनके बारे में जानकारी हासिल की। छात्रों द्वारा वाटर पम्प, पेरिस्कोप, फ्लड अलार्म, लेजर सिक्योरिटी, रेनवाटर हार्वेस्टिंग, हाइड्रोलिक लिफ्ट, वैक्यूम क्लीनर, इलेक्ट्रिक जेनरेटर जैसे पचास से भी अधिक प्रोजेक्ट्स को प्रदर्शित किया गया। साथ ही प्री-प्राइमरी के नन्हे – मुन्नों द्वारा निर्मित कलात्मक वस्तुओं को भी प्रदर्शनी में शामिल किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के अतिरिक्त डी. घोष, डीपीएस आसनसोल के प्रधानाचार्य आरडी शर्मा, अध्यापक, छात्र तथा बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।